उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

संख्या :: 178/16/डी0आर0(मा0प्रा0)/सेवा–02/2022–23 दिनाँक :: 11 अक्टूबर, 2023

विज्ञप्ति

एतद्‌द्वारा सूचित किया जाता है कि ''**मानचित्रकार/मानचित्रक/प्रारूपकार परीक्षा–2023** '' हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–A-1/Draftsman/S-2/2023, दिनांक 29 मई, 2023 एवं शुद्विपत्र दिनांक 23 जून, 2023 के अनुक्रम में दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को श्रुतलेखक के सम्बन्ध में प्राविधान का उल्लेख, विज्ञापन के **परिशिष्ट–6 एवं 7** में किया गया है। श्रुतलेखक के सम्बन्ध में अपने ऑनलाईन आवेदन–पत्र में किये गये दावे के सापेक्ष ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से अधिक है, के लिए **परिशिष्ट–6(1) एवं परिशिष्ट–6(2)** तथा ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम है, के लिए **परिशिष्ट– 7(1) एवं परिशिष्ट–7(2)** को पूर्णतः भरते हुए श्रुतलेखक की दो आवक्ष फोटो के साथ **परिशिष्ट–6(2)/ परिशिष्ट–7(2)** में किये गये दावे के आधार पर शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी अंक–तालिका/प्रमाण–पत्र आयोग कार्यालय में **दिनाँक 25 अक्टूबर, 2023 (बुधवार)** तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उक्त तिथि के पश्चात श्रुतलेखक उपलब्ध कराये जाने से सम्बन्धित किसी भी दिव्यांग अभ्यर्थी के प्रत्यावेदन पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। दिव्यांग अभ्यर्थी **परिशिष्ट–6(1) एवं परिशिष्ट–6(2) तथा 7(1) एवं परिशिष्ट–7(2)** आयोग की वेबसाईट **psc.uk.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी, जिनके द्वारा श्रुतलेखक आयोग कार्यालय से उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है, वे दिव्यांग अभ्यर्थी परीक्षा की तिथि से 02 दिन पूर्व अर्थात 03 नवम्बर, 2023 को कार्यावधि में अपने आवंटित परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर श्रुतलेखक से मिल सकते है।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।